उच्च शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्या के इस मन्दिर में प्रवेश के इच्छुक सभी छात्राओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

विद्या ददाति विनयम्

Estd. 2017

# बहादुर यादव महिला महाविद्यालय

सम्बद्ध - दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर




- कला संकाय ( बी.ए.)
- विज्ञान संकाय ( बी.एस-सी.)
- वाणिज्य संकाय ( बी.काम.)

## विवरणिका
## एवं
## प्रवेश नियमावली


नगर पंचायत भटनी - देवरिया (उ०प्र०) 274701

Ph. 05566-281020, Mob.: 9936649400, 9161666670

E-mail : bym2017data@gmail.com

कैप्टन जयराम यादव
संस्थापक/अध्यक्ष

अजय कुमार यादव
प्रबन्धक

अथान सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिक्षण केन्द्र

# बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(सम्बद्ध-दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर)

विद्या ददाति विनयम्

**कला संकाय स्नातक (बी०ए०)**

हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्रा.इतिहास, गृहविज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत
भूगोल, इतिहास, दर्शनशास्त्र, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, रक्षा अध्ययन, संगीत, चित्रकला (फाइन आर्ट)

**स्नातकोत्तर (एम०ए०)**

हिन्दी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र
अंग्रेजी, गृहविज्ञान, भूगोल, संस्कृत, इतिहास

**विज्ञान संकाय**

बी.एस-सी. (बायो एवं मैथ ग्रुप)

**वाणिज्य संकाय**

बी.काम, एम.काम.

**शिक्षा संकाय :** बी.एड्. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम), डी.एल.एड्. (बी.टी.सी.)

प्रस्तावित - 4 वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आई.टी.ई.पी.)

## अध्ययन केन्द्र :- उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

**स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषय :** हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, दर्शन शास्त्र, उर्दू, टूरिज्म

बी.एस.सी. (भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित), बी.कॉम., एम.कॉम, MA. (Social Work), MJ., MBA, BBA, DHA, CCMAP, CLPS, CNG, CRH, APPR, APDF, CGST CTIG, COF, CRJMC, CASE, APY, APCCN, CCC, CCCN, BLIS, CVM, CPHT & VA, DFD, DTD, DIP, DYS, CCTT, CFD, CTD, CCY, PGDYO, PGDTM, PGDJMC, PGDRJMC, PGDESD.

# बहादुर यादव महिला महाविद्यालय

सम्बद्ध-दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर

(बी.ए., बी.काम., बी.एस-सी.) • प्रस्तावित - 4 वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आई.टी.ई.पी.)

# बहादुर यादव मेमोरियल प्राइवेट आई.टी.आई.

डी.जी.ई.टी. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**ट्रेड - फिटर, इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक एवं वेल्डर**

संस्थान कोड 2183
N.C.V.T. सर्टिफिकेट

Contact : 05566-281030, 8738950340, 8858916868, www. bympiti.com, E-mail : bymiti2018@gmail.com

# हमारे अजस्र प्रेरणा स्रोत



स्व. बहादुर यादव


पुस्तकालय


वाचनालय


कम्प्यूटर कक्ष


वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला


प्राणि विज्ञान प्रयोगशाला


रसायन विज्ञान प्रयोगशाला


भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला





कैन्टीन



## सरस्वती वन्दना

वरदे, वीणावादिनि वर दे।
प्रिय स्वतन्त्र रव अमृत मन्त्र
नव भारत में भर दे।
काट अन्ध उर के बन्धन स्तर
बहा जननि,, ज्योतिर्मय निर्झर
कलुषभेदतम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे।
नव गति, नव लय, ताल, छन्द नव,
नवल कण्ठ, नव जलद-मन्द रव,
नव नभ के नव विहग वृन्द को
नव स्वर पर नव स्वर दे।

## महाविद्यालय की प्रार्थना

इतनी शक्ति हमें देना दाता,
मन का विश्वास कमजोर हो ना।
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे,
भूलकर भी कोई भूल हो ना।
इतनी....
दूर अज्ञान के हों अंधेरे,
तू हमें ज्ञान की रोशनी दे।
हर बुराई से बचते रहें हम,
जितनी भी दे, भली जिंदगी दे।
बैर हो ना किसी का किसी से,
भावना मन में बदले की हो ना।
इतनी....
हमने ना सोचें हमें क्या मिला है,
हम ये सोचें किया क्या है अर्पण।
फूल खुशियों के बाँटे सभी को
सब का जीवन ही बस जाए मधुवन,
हो, अपनी करूण का जल तू बहा के,
कर दे पावन हर एक मन का कोना।
इतनी.........



# स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत समारोह की झलकियां





# संदेश

शिक्षा प्रकाश का वह क्षेत्र है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा पथ प्रदर्शन करता है। शिक्षा के बिना मानव विकास अकल्पनीय है। इस तथ्य के दृष्टिगत इस शिक्षण संस्थान के संचालन का दायित्व निर्वहन करने वाली शिक्षा समिति ने वर्ष 2017 में महिला शिक्षा हेतु नगर पंचायत भटनी में शिक्षण संस्थान स्थापित करने का संकल्प लिया, जो इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, उन्नति और बहुमुखी प्रगति की आधार शिला है।

देवरिया जनपद मुख्यालय से 29 कि०मी० पूर्व गोरखपुर वाराणसी व गोरखपुर-बिहार प्रान्त को जाने वाले रेल मार्ग के जंक्शन स्टेशन भटनी से मात्र 50 मी० दक्षिण रेलवे क्रीड़ास्थल के समीप **बहादुर यादव महिला महाविद्यालय** स्थित है। भटनी नगर पंचायत एवं आस पास का ग्रामीण क्षेत्र तकनिकी शिक्षा सुविधा से वंचित रहा है। इस कमी को दूर करने हेतु एवं इस पिछड़े क्षेत्र के सामाजिक शैक्षिक उन्नयन के दृष्टिकोण से इस संस्थान की स्थापना हुई।

शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति में संयमशीलता, सचरित्रता और जीवन में सुचारुता आती है। शिक्षा के **माध्यम से** ही व्यक्ति सत्यम, शिवम, सुन्दरम् की खोज करता है **और** विकास करता है। बहादुर यादव महिला महाविद्यालय भी सत्यम् शिवम्, सुन्दरम् के विचार से प्रेरित होकर समाज के शैक्षिक उत्थान में अपना उत्कृष्ट योगदान कर रहा है। महाविद्यालय **में बी.ए. (हिन्दी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान, संस्कृत), बी.एस-सी. एवं बी.काम. के द्वितीय सत्र 2020-21 में प्रवेश प्रारम्भ हो चुका है।**

सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में नियमबद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन सचेष्ट एवं प्रतिबद्ध है। समाज में रोजगार के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दृष्टिगत छात्राओं के मानसिक व चारित्रिक निर्माण के लिए आदर्शवादी गुरुजनों की समर्पित धारा सदैव तत्पर है। आप सुधीजनों का सहयोग रहा तो निश्चित रूप से हम सभी लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को अवश्य स्थापित करेंगे।

मैं संस्थापक के रूप में प्रवेश लेकर इस महान महाविद्यालय परिवार से जुड़ने वाली भावी छात्राओं के लिए भी शुभकामना प्रकट कर रहा हूँ। प्रभु आप सबके जीवन को ज्ञान के आलोक से पूरित करें।

**संस्थापक/अध्यक्ष**

**कैप्टन जयराम यादव**

# गणतंत्र दिवस समारोह की झलकियां








# संदेश



**सम्मानित अभिभावक गण, प्रिय छात्राओं,**

जंगली जलपा माँ की असीम अनुकम्पा तथा बाबा विश्वनाथ की महती कृपा से सुविख्यात पूर्वाञ्चल की माटी एवं गण्डकी देवी के पावन तट तथा गोरखपुर रेलवे मण्डल के प्रसिद्ध रेलवे स्टेशन भटनी जं. से 50 मीटर दक्षिण दिशा में स्थित **बहादुर यादव महिला महाविद्यालय** शिक्षा के परचम लहराने तथा तकनिकी शिक्षा से वंचित रहे छात्राओं तथा समस्त क्षेत्र वासियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु दृढ़ संकल्पित है।

नवीन सत्र 2020-21 में आप सभी का अपने महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

मैं अपने स्वयं के अनुभव से यह भली-भाँति जानता हूँ कि इण्टरमीडिएट की पढ़ाई (परीक्षा उत्तीर्ण) करने के पश्चात उच्च शिक्षा के लिये महाविद्यालय का चुनाव करना अति कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। आपने इस कार्य हेतु बहादुर यादव महिला महाविद्यालय का चुनाव किया है, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि इस निर्णय पर आपको गर्व होगा।

कहते है कि पवित्र सोच एवं ईमानदार प्रयास, सदा फलदायी एवं सुखकारक होता है। इसी विचार के साथ इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में जनकल्याण एवं शैक्षणिक विकास के लिये प्रतिबद्ध कैप्टन जयराम यादव जी ने सन् 2017 ई. में **इस** महाविद्यालय की स्थापना की।

समस्त महाविद्यालय परिवार प्रत्येक छात्रा को विशेष इकाई मानते हुए उसके बहुमुखी विकास के लिये प्रतिबद्ध है। हमारा यह विश्वास है कि महाविद्यालय मात्र पाठ्यक्रम पूरा करने का स्थान नहीं हैं अपितु पढ़ने वाली प्रत्येक छात्रा के मानसिक विकास, निर्णय लेने की क्षमता, कठिन से कठिन परिस्थितियों में सन्तुलित व्यवहार, अपने आस-पास के पर्यावरण के संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिये संस्कारी एवं सजग प्रहरी के निर्माण का केन्द्र भी है।

हम यह मानते हैं कि **संस्था द्वारा** अपने प्रत्येक युवा के भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते, परन्तु यह विश्वास है कि हम अपने युवाओं को भविष्य में जीवन की चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक करने के लिये अवश्य तैयार कर सकते हैं।

हम आप सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

**प्रबन्धक**
**अजय कुमार यादव**
**एम.ए. (यू.जी.सी. नेट), डी. फार्मा**

# महाविद्यालय में आयोजित सरस्वती पूजन कार्यक्रम
















# संदेश

मैं अत्यन्त हर्ष के साथ अपने महाविद्यालय में आप सभी का स्वागत करता हूँ। यह एक छोटा सा परिवार है, इसके सभी कर्मचारी एक समान उद्देश्य के लिए कार्य करते हैं। हम सबका प्रमुख उद्देश्य **अपने महाविद्यालय की** छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना । महाविद्यालय के सभी कर्मचारी महाविद्यालय की गरिमा को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और अपने-अपने क्षेत्र में महती भूमिका निभा रहे हैं। छात्राएं देश का भविष्य होती है, उनका सर्वांगीण विकास देश का विकास होता है। शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं के व्यक्तित्व को समृद्ध करना ही हमारा परम कर्तव्य है।

हमारा विश्वास है कि महाविद्यालय सिर्फ शिक्षा के लिए आधारभूत ढ़ाँचा और मन्त्र ही प्रदान नहीं करता बल्कि छात्राओं के चरित्र निर्माण को भी बढ़ावा देता है। महाविद्यालय परिवार सदैव अपने प्रबन्ध समिति एवं विश्वविद्यालय के कुशल मार्गदर्शन में अपने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अभिभावकों के बीच मधुर एवं मजबूत सम्बन्ध बनाये रखने के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

सभी जिम्मेदार, वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों का सुझाव अपेक्षित है । सत्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ-साथ निष्पक्ष शिक्षा प्रदान करने वाले इस शिक्षण संस्थान में आप सभी का स्वागत है।

वर्तमान सत्र 2020-21 में प्रवेश प्रारम्भ है।

(डॉ0 आर. एम. यादव)
**प्राचार्य**

# त्रिदिवसीय उद्यमिता विकास प्रदर्शनी एवं मेला



## अति आवश्यक सूचना

1. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रथमत: दीनदयाल उपाध्याय गो. वि.वि. गोरखपुर द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का काउन्सिलिंग द्वारा होगा।
2. सीटें रिक्त होने पर महाविद्यालय में डायरेक्ट एडमिशन ( सीधा प्रवेश ) हो सकता है।
3. डायरेक्ट प्रवेश हेतु सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी को 750/- एवं अनुसुचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी को 400/- विश्वविद्यालय में रजि0 हेतु देना होगा
4. प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
5. महाविद्यालय के प्रवेशार्थी को चाहिए कि वह इस विवरणिका को ध्यान पूर्वक पढ़कर सभी नियमो से सुपरिचत हो जाये। प्रवेश के उपरान्त विद्यार्थी को उल्लिखित नियमो का परिपालन करना होगा।
6. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु योग्यता प्रदाई परीक्षा अर्थात इण्टर की स्थायी मार्कशीट ही मान्य होगी, प्रतिबन्धित अथवा अस्थायी मार्कशीट नही।
7. आवेदन पत्र के साथ मांगे गये आवश्यक प्रपत्र प्रवेश के पूर्व देना अनिवार्य है।
8. सभी प्रकार के शुल्क महाविद्यालय के फी-काउन्टर पर प्राप्त किये जातें है। किसी अनाधिकृत व्यक्ति को महाविद्यालय सम्बन्धित कोई शुल्क न दें। अन्यथा इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
9. महाविद्यालय में हर कार्य के लिए एक समिति गठित की गयी है, प्रवेशार्थी/छात्राएं महाविद्यालय से सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए सम्बन्धित कमेटी से ही सम्पर्क करें।
10. इस विवरणिका में दिये गये नियमों एवं विधि में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का समस्त अधिकार महाविद्यालय के पास सर्वथा सुरक्षित है।
11. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से अनुशासित, विनम्र एवं शिष्ट आचरण की अपेक्षा की जाती है।
12. महाविद्यालय परिसर में मोबाईल का प्रयोग वर्जित है। अत: सभी छात्राओं से अपेक्षित है कि परिसर में प्रवेश करते समय अपने मोबाईल का स्विच बंद रखे। इसका पालन न करना अनुशासनहीनता माना जायेगा और ऐसे छात्राओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
13. महाविद्यालय में सुव्यवस्था, शान्ति एवं अनुशासन की स्थापना हेतु अनुशासन समिति ( नियंता मंडल ) होती है। जिसका प्रमुख नियंता होता है। अच्छी व्यवस्था के लिए मुख्य नियंता एवं उसकी समिति सदैव तत्पर रहती है। अनुशासन समिति की बैठक माह में दो बार अवश्य होती है। जिसके संरक्षक प्राचार्य होते है। अनुशासनहीनता सम्बन्धी प्रत्येक विवाद इसी अनुशासन समिति द्वारा निस्तारित होता है।
14. महाविद्यालय के सभी छात्राओं से उत्तम आचरण, सद्व्यवहार एवं अनुशासन की अपेक्षा की जाती है परिसर, कक्षाओं, परीक्षाओं तथा सार्वजनिक स्थलों पर शिष्ट, मर्यादित एवं अनुशासित रहें। दुर्व्यवहार, उद्दण्डता व अमर्यादित आचरण करने पर निष्कासन तक का दण्ड दिया जा सकता है।
15. अपनी समस्याओं और कठिनाईयों के निवारण हेतु छात्राये प्राचार्य/प्रबन्धक से भी व्यक्तिगत सम्पर्क कर सकती हैं।

## पाठ्य विषय

### स्नातक (कला संकाय)

महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले समस्त विषयों को निम्नानुसार सूचीबद्ध किया गया है। प्रत्येक प्रवेशार्थी को तीन विषय लेना है।

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दी | शिक्षाशास्त्र | राजनीतिशास्त्र |
| प्रा0 इतिहास | संस्कृत | समाजशास्त्र |
| गृहविज्ञान | | |

## अनिवार्य विषय

### राष्ट्र गौरव :

बी0ए0/बी0एस-सी0 तथा बी0काम की छात्राओं को राष्ट्र गौरव विषय का अध्ययन करना होगा। इस विषय के अंक परीक्षाफल में नही जोड़ें जायेंगे परन्तु इस विषय में बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0काम प्रथम या द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अन्यथा बी0ए0/बी0एस0सी0 तथा बी0काम तृतीय वर्ष का परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा रोक दिया जायेगा।









# त्रिदिवसीय उद्यमिता विकास प्रदर्शनी एवं मेला















## सामान्य हिन्दी

केवल उन अभ्यर्थीयों के लिए जिन्होंने हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट में हिन्दी न पढ़ी हो या प्रारम्भिक हिन्दी पढ़ी हो।

## सामान्य अंग्रेजी

केवल उन अभ्यर्थीयों के लिये जिन्होंने हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट कक्षाओं में अंग्रेजी न पढ़ी हो।

वाणिज्य संकाय : बी0काम में निम्नलिखित सभी प्रश्न-पत्र प्रथम वर्ष में अनिवार्य हैं।

ग्रुप 'ए' वित्तीय लेखांकन, व्यवसायिक सांख्यिकी

ग्रुप 'बी' प्रबन्ध के सिद्धान्त, व्यावसायिक संचार

ग्रुप 'सी' आर्थिक सिद्धांत, मुद्रा एवं वित्तीय प्रणाली

विज्ञान संकाय: विज्ञान संकाय में निम्नवत् विषय समूह उपलब्ध है।

ग्रुप 'ए' गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र

ग्रुप 'बी' वनस्पति शास्त्र, प्राणि विज्ञान, रसायन शास्त्र

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्र

1. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र ( मूल प्रति )।
2. अन्तिम संस्था के प्राचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र ( मूल प्रति )।



3. हाईस्कूल परीक्षा का अंक-पत्र एवं प्रमाण-पत्र ( स्वप्रमाणित छायाप्रति )।
4. इण्टरमीडिएट परीक्षा का अंक-पत्र ( स्वप्रमाणित छायाप्रति )।
5. आरक्षण के लाभार्थ जाति प्रमाण-पत्र ( स्वप्रमाणित छायाप्रति )।
6. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अगर छात्र/छात्रा का अन्तराल तीन वर्ष से अधिक है तो उसका प्रवेश व्यक्तिगत ( प्राइवेट ) के रूप में ही होगा ।
7. निवास/अधिवास प्रमाण पत्र।
8. आधार कार्ड की छायाप्रति।

विशेषः-

प्रवेश के पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपना मूल प्रमाण-पत्र जाँच हेतु प्रस्तुत करना होगा। फर्जी प्रमाण-पत्र जमा करने की दशा में दोषी अभ्यर्थी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## आलोक

1. प्रवेश फार्म भरना प्रवेश की गारण्टी नहीं है।
2. संज्ञान में आते ही असत्य सूचना देकर प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
3. बिना कारण बताये महाविद्यालय प्रशासन किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश लेने से इन्कार कर सकता है।
4. प्रवेश में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण के नियमों का पालन किया जायेगा।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थीयों का प्रवेश शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जायेगा।
6. चयनित किये गये विषयों में परिवर्तन किसी भी दशा में संभव नहीं है।

## नामांकन

महाविद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाली छात्राओं को नामांकन के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा। प्रपत्र महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

## प्रमुख छात्रवृतियां

1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं आय के आधार पर पिछड़े वर्ग की छात्रवृतियां।



विदाई समारोह की झलकियां

2. सामान्य जाति, पिछड़ी जाति छात्रवृतियां ( आय के आधार पर )।
3. छात्र सहायता कोष से निर्धन किन्तु मेधावी छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
4. खेलकूद में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं के लिए विशेष सुविधा का प्रबन्ध है।
5. विशेष योग्यता सम्पन्न छात्राओं को बराबर प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाता है।

## छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र

छात्रवृत्ति हेतु सभी अभ्यर्थी अपना आवेदन उत्तर प्रदेश सरकार के वेबसाइट (www.scholarship.u..nic.in) से आन लाईन फार्म डाउनलोड करे तथा उसे पूर्ण कर निम्नलिखित प्रमाण पत्रों को संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में समयावधि के अन्दर जमा करें ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हाई स्कूल अंक-पत्र एवं प्रमाण पत्र | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |
| 2. | इण्टरमीडिएट अंक पत्र | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |
| 3. | अन्तिम परीक्षा का अंक पत्र | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |
| 4. | आय प्रमाण-पत्र | 1 मूल प्रति इण्टरनेट की कापी। |
| 5. | जाति प्रमाण-पत्र | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |
| 6. | निवास ( अधिवास प्रमाण पत्र ) | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |
| 7. | फोटो | 2 प्रति। |
| 8. | बैंक पास-बुक | 1 छायाप्रतियां। |
| 9. | शपथ-पत्र | 10 रूपये के नोटरी पर। |
| 10. | आधार कार्ड | 1 प्रति स्वप्रमाणित छायाप्रति। |

**नोट :-**

1. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा देय सभी छात्रवृत्ति छात्राओं के बैंक खाते में शासन द्वारा सीधे भेजा जाता है। छात्रवृत्ति न मिलने पर महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं है कृपया इस संदर्भ में महाविद्यालय से कोई पूछ-ताछ न करें।
2. जो अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में छात्रवृत्ति फार्म महाविद्यालय में जमा नहीं करते हैं उसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।

## परीक्षा आवेदन पत्र

प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाते हैं। जिसके लिए सूचना प्रसारित होने पर छात्रों को पूरी सावधानी के साथ आवेदन पत्र भरना होगा एवं एक फोटो चिपकाना होगा । इस आवेदन पत्र के साथ पूर्व परीक्षाओं के अंक-पत्र/प्रमाण पत्र ( यथा सूचित ) भी लगाने होंगे । यह आवेदन पत्र छात्राओं द्वारा स्वयं उपस्थित होकर भरा जायेगा और इसे निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा । इसके अभाव में छात्राएं विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित हो जायेंगी ।

## विश्वविद्यालयीय परीक्षा फार्म के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र

1. हाई स्कूल अंक - पत्र एवं प्रमाण-पत्र
2. इण्टरमीडिएट या पिछली परीक्षा जो पास की हो का अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्र।
3. फोटो - एक ।

निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् अथवा अपूर्ण आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। बिना अपेक्षित अंक-पत्र के आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## उपस्थिति

महाविद्यालय की सभी कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए शिक्षा अवधि में हुए व्याख्यानों में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। प्रयोगात्मक कार्यों में भी 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। कम उपस्थिति होने पर छात्राओं को वार्षिक परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। इसका उत्तरदायित्व छात्रा पर है कि वह समय-समय पर अपनी उपस्थिति की पूर्ण जानकारी रखे।

## महाविद्यालय का ड्रेस

सभी छात्राओं का फिरोजी कलर का समीज एवं सफेद सलवार सफेद दुपट्टा एवं शनिवार को सफेद समीज, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा। शीतकालीन ड्रेस ब्लू कलर का हाफ स्वेटर / कार्डिगन या ब्लेजर ।



## स्नातक / स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह के कुछ यादगार पल



## परिचय पत्र

प्रत्येक छात्राओं का कर्तव्य है कि वह प्रवेश के तत्काल बाद अपना परिचय पत्र बनवा ले। परिचय पत्र सदैव साथ रखना आवश्यक है। किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा मांगे जाने पर परिचय पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। परिचय पत्र खो जाने पर निर्धारित शुल्क 50रू. देकर दूसरा परिचय पत्र बनवाना होगा।

## वाहन स्टैण्ड

समस्त छात्राएं अपने वाहन स्टैण्ड पर ही रखें उनमें ताला अवश्य लगायें। बरामदे में तथा इधर-उधर वाहन रखना अनुशासनहीनता होगी और उनके गायब होने पर महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

1. समृद्धिशाली पुस्तकालय महाविद्यालय की उपलब्धियों में से एक है। प्रत्येक छात्रा को पुस्तकालय से नियमानुसार पुस्तके उपलब्ध कराने की व्यवस्था है
2. पढ़ने के उपरान्त पुस्तकों को सुरक्षित रूप से निर्धारित समय पर वापस करना अनिवार्य होगा। पुस्तकों की वापसी प्रवेश पत्र वितरण के पूर्व जमा करना अनिवार्य है।
3. पुस्तकें छतिग्रस्त होने अथवा गायब हो जाने पर उनके मूल्य का तीन गुना धन जमा करना होगा।
4. दैनिक, साप्ताहिक, वार्षिक एवं मासिक पत्रिकाओं से समृद्ध एक वाचनालय है, जिसका प्रयोग शिक्षक एवं छात्रायें सभी करते हैं।

## महाविद्यालय पत्रिका

आत्मभिव्यक्ति एवं नवलेखन के प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय की पत्रिका का प्रकाशन वर्तमान सत्र से किया जायेगा। छात्रायें अपनी रचनायें महाविद्यालय पत्रिका में प्रकाशनार्थ 31 अक्टूबर तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

## खेल-कूद

महाविद्यालय में खेल-कूद की समुचित व्यवस्था है, जिसके सुव्यवस्थित संचालय के लिए क्रीड़ा परिषद का गठन है। प्रत्येक खेल के लिए प्राचार्य द्वारा नामित प्रभारी शिक्षकों की एक समिति होती है, जो प्रतियोगिता और उदारवादी विचार के प्रोत्साहन के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है। खेल-कूद की व्यवस्था के लिए शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता की भी नियुक्ति की गई है। छात्राओं को चाहिए कि अपने पूर्वकालीन खेल का उल्लेख करते हुए आवेदन-पत्र समय से महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर दें जिसमें यह पता चल सके कि वे किन खेलों को पसन्द करेंगे।

## कैन्टीन

महाविद्यालय में छात्राओं एवं सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए एक कैन्टीन की व्यवस्था है। जिसमें उक्त सभी लोग उचित दर पर जलपान कर सकते हैं।

## कम्प्यूटर शिक्षा

सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सभी छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा की विशेष व्यवस्था की गयी है। इसके लिए एक सुसज्जित कम्प्यूटर कक्ष महाविद्यालय में है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने वाली इच्छुक छात्राओं को कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करके निर्धारित प्रपत्र पर प्रार्थना देना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की सदस्य छात्रायें समय-समय पर आयोजित विशेष एक दिवसीय शिविर, सप्तदिवसीय शिविर एवं सामाजिक जागरूकता सम्बन्धित कार्यक्रमों एवं रैलियों में भाग लेंगी।



## बहुउद्देशीय हॉल

महाविद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले गोष्ठियों, सेमिनार, विशेष शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक बहुउद्देशीय हाल की व्यवस्था की गयी है।

## पुरस्कार

महाविद्यालय में निम्नलिखित प्रकार के पुरस्कार एवं दक्षता प्रमाण पत्र प्रदान किये जाते हैं।

1. महाविद्यालय परीक्षाओं के अर्न्तगत् महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर।
2. महाविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने पर।
3. निबन्ध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ/उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर।
4. विभिन्न प्रकार के खेलकूद में उच्च स्थान प्राप्त करने पर।
5. किसी अति विशिष्ट उपलब्धि पर।
6. विशेष पुरस्कार ( रीता सिंह स्मृति पुरस्कार )
   महाविद्यालय में बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 की परीक्षा में महाविद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रा को सौमित्र प्रिन्टर्स गोरखपुर द्वारा स्व0 रीता सिंह स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

## उत्सव/सभाएँ एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप

महाविद्यालय में मुख्य रूप से निम्नलिखित अवसरों पर उत्सव, सभाएँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित किया जाता है।

1. स्वतंत्रता दिवस - 15 अगस्त
2. शिक्षक दिवस - 5 सितम्बर
3. गाँधी जयन्ती - 2 अक्टूबर
4. गणतंत्र दिवस - 26 जनवरी
5. भाषण प्रतियोगिता
7. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
8. प्रश्न मंच प्रतियोगिता
9. निबन्ध प्रतियोगिता
10. कौशल विकास
11. संस्थापक समारोह दिनांक 25 फरवरी से 3 मार्च तक
12. चित्रकला प्रतियोगिता












महाविद्यालय की छात्रा
स्मृति सिंह को मिस देवरिया
का ताज






देवरिया महोत्सव में (महाविद्यालय ओवर ऑल जिला चैम्पियन)
प्रतिभाग करते हुए छात्र /छात्राएं






# दी.द.उ.गो.वि.वि., गोरखपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय उप विजेता टीम की कुछ झलकियां





















महाविद्यालय में आयोजित राखी प्रतियोगिता की झँलकियां





# शहीदों को श्रद्धांजलि


पुलवामा में आतंकी हमले में
शहीद हुए वीर जवानों को शत्-शत् नमन
अमर रहें
व
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
मदर टेरेसा इकाई
सप्त दिवसीय विशेष शिविर
सप्त दिवसीय शिविर